संक्षिप्त

पुस्तक यादें शेष का विमोचन

दौसा । साहित्यिक ट्रस्ट आजाद कलम के तत्वावधान में रविवार को दौसा के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ राजेन्द्र सिंह यादव की पुस्तक यादें शेष का विमोचन हुआ। कवि कुमार धर्मी ने बताया कि यह पुस्तक डॉण् यादव द्वारा विऽिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित आलेखों का संग्रह है। जिसमें ऐसे महिला.पुरुषों का जीवन परिचय हैए जिन्होंने स्वतंत्रता आंदोलनए कलाए शिक्षाए साहित्यए खेलकूदए राजनीतिए संस्कृतिए ऐतिहासिक व सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट योगदान से राष्टकृ का मान बढाया है। यह पुस्तक प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष उपयोगी साबित होगी। इस दौरान आजाद कलम के राष्टकृीय अध्यक्ष नवल घुनावत, प्रांतीय अध्यक्ष अनुराग प्रेमी, कवि रामेश्वर प्रसाद करुण, कुमार धर्मी, गीतकार अशोक दीप एवं समाजसेवी ओमप्रकाश मीना आदि उपस्थित रहे।

जन्मदिवस पर वृक्षारोपण

दौसा । आरपीएससी शिक्षक फोरम के तत्वावधान में रविवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रमुख नेता महेंद्र सिंह के जन्मदिवस पर वृक्षारोपण किया गया। फोरम के जिला प्रवक्ता अभय सक्सैना ने बताया कि महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह ने अपना संपूर्ण जीवन कर्मचारियों के लिए समर्पित कर रखा है । राजस्थान के आठ लाख कर्मचारी की आवाज बनकर सदैव राजस्थान सरकार के सामने कर्मचारियों का पक्ष रखते आए हैं। कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राना आज उनके पदचिन्हों पर चलते हुए कर्मचारी हितों के लिए संघर्षरत है। इस अवसर पर घनश्याम चौबदार, कमल बीगास, राजेश निर्माण, महेंद्र जीरोता, जितेंद्र सैनी, केशफूल मीणा, रामबाबू विजयवर्गीय, राजेंद्र सिंह, सुरेश सैनी, सरोज सैनी, विमलेश गंगावतए मुरलीधर मीणाए शिवशंकर गांधीए मूरारी मीणाए विनोद सिंहए पंकज अग्रवाल, राजेश भारती, केदार वर्मा सहित फोरम पदाधिकारियों ने महासंघ प्रमुख महेंद्र सिंह के जन्मदिवस पर दीघार्यु की कामना की।

नकली सोना बेचने के नाम से मशहूर पोल्याडा गांव में करवाई करने पहुंची पंजाब पुलिस से धक्का मुक्की

देवली । देवली उपखंड के पोल्याडा में रविवार को पंजाब के मोहाली की (एंटी नार्को टास्क फोर्स) और राजस्थान पुलिस एसओजी की टीम ने दबिश दी। इस दौरान कार्रवाई दल को विरोध का विशेष जाति के लोगों का सामना भी करना पड़ा और ठग पक्ष और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जानकारी के अनुसार पंजाब पुलिस की टीम एक पुराने मामले में वांछित आरोपी को पकड़ने के लिए पोल्याडा में विशेष जाति की की बस्ती में पहुंची थी। इस दौरान सादा वर्दी में आए पुलिसकर्मियों को उक्त ग्रामीण पहचान नहीं पाए यह कहना ग्रामीणों का रहा।

सादा वर्दी में पहुंची पुलिस और ग्रामीणों के बीच धक्का-मुक्की हो गई। उक्त दौरान स्थिति बिगड़ने पर एसओजी की टीम भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद ठामीणों और पंजाब पुलिस के बीच पथराव शुरू हो गया।सूचना मिलने पर देवली पुलिस उपाधीक्षक रामसिंह जाट, दूनी थाना प्रभारी हेमंत जनागल, देवली थाना प्रभारी दौलत राम और घाड़ थाना प्रभारी हरिराम समेत सर्कल का जाप्ता मौके पर पहुंचा। इस पर पुलिस सभी को पोल्याडा चौकी ले आई। गौरतलब है कि पोल्याडा गांव की कंजर बस्ती के कुछ लोग नकली सोना और अफीम के नाम पर ठगी करते हैं। शायद इसी शिकायत पर पंजाब पुलिस यहाँ पहुंची थी। इस मामले में ठामीण महिलाओं और बच्चों ने बताया कि 10-15 लोग सादा वर्दी में आए थे। उन्होंने आते ही सभी के साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि बच्चे, महिलाएं और बुजुर्गों के साथ भी मारपीट की गई। घरों के गेट व खिड़कियों पर भी डंडे मारे गए।सूचना पर एडिशनल एसपी मालपुरा मोटाराम बेनीवाल भी मौके पर पहुंचे और जानकारी ली।

पुलिस अधीक्षक टोंक राजेश कुमार मीणा के अनुसार पुलिस किसी पुराने धोखाधड़ी के प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने पोल्याड़ा आई थी। इस दौरान बस्ती में ग्रामीणों ने पुलिस के साथ मारपीट कर दी। इसे लेकर पंजाब पुलिस ने रिपोर्ट दी है। ग्रामीणों का कहना है कि उक्त झड़प के बीच हवाई फायरिंग भी की गई। लेकिन इसके सबूत स्थानीय पुलिस को नहीं मिले हैं।

देवली के पोल्याडा में पंजाब के मोहाली की एंटी नार्को टास्क फोर्स और राजस्थान पुलिस एसओजी की टीम ने दबिश दी।

- घटना के बाद हरकत में आया पुलिस प्रशासन, हवाई फायरिंग की भी बात आई सामने

सार-समाचार

सरोवर में बया पक्षियों ने अनेक घोसले बनाए

सांभरझील, (निसं)। यहां सांभर से करीब 1 किलोमीटर देवयानी सरोवर में लगे खजूर के पेड़ों पर बैया पक्षियों के अनेक घोंसले लोगों को बरबस ही अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं, इसे बैया विवर के नाम से भी जाना जाता है। सूखे तिनकों के साथ बड़ी खूबसूरत तरीके से इन घोसलों का निर्माण करने में इनको महारत हासिल होने के कारण इन्हें पक्षी बुनकर भी कहा जाता है।

'सूरज सिंह महावर सम्मानित होंगे'

दौसा । ख्वाब फाउंडेशन ऑफ इंडिया की ओर से 26 से 28 जुलाई तक तीन दिवसीय कलाम युथ लीडरशिप कॉन्फ्रेंस 2025 एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें दौसा जिले के एक ही परिवार के तीन सदस्य पिता सूरज सिंह महावर पुत्र दिव्यांश महावर और पुत्री विदुषी महावर का चयन किया गया। यह अंतरराष्टकृीय स्तर के कार्यऋम में कई देशों नेपालए दुबईए आसामए श्री लंका जैसे कई देशों से प्रतिभाओं एवं समाजसेवीओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में आयोजित हुआ। संस्था के संस्थापक मुन्ना ाई कुमार के अनुसार एक ओर दौसा जिले से सूरज सिंह महावर सूरज आर्ट दौसा को कला के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने तथा समाज सेवा से जुड़कर सेवा को प्राथमिकता देने के उपलक्ष में कलाम यूथ रत्न अवार्ड से चयनित किया गया। तो वहीं दूसरी ओर चित्रकार सूरज सिंह महावर के 11 वर्षीय पुत्र दिव्यांश महावर एवं 9 वर्षीय पुत्री विदुषी महावर को छोटी सी उम्र में जिला स्तर से अंतरराष्टकृीय स्तर तक चित्रकला प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के फलस्वरूप डॉ एपीजे अब्दुल कलाम चिल्ड्रन अवार्ड से अलंकृत किया गया। एक ही मंच पर एक ही परिवार के तीन.तीन राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कर चुके कलाकारों का सम्मान होना बहुत ही गर्व की बात है। दौसा के कवि कृष्ण कुमार सैनी को डॉ कलाम यूथ रत्न अवार्ड से तथा समाज सेवी संदीप छिपा को डॉ कलाम यूथ लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

डॉ. गौरीशंकर शर्मा को मिला पुरुस्कार

कोटपूतली। हमेशा वन्यजीवों की रक्षा करने वाले भांकरी निवासी डॉ गौरीशंकर शर्मा एवं गोविन्द भारद्वाज को राज्य स्तरीय वन महोत्सव मे संस्कृत विश्वविद्यालय परिसर में अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरुस्कार 2023 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल वन मंत्री संजय शर्मा सांसद मंजू शर्मा जिला प्रमुख रमा चौपडा विधायक कैलाश वर्मा मुख्य सचिव सुधांशु पंत त्रिवेणीधाम के रिछपालदास महाराज कुलपति राम सेवक दूबे द्वारा राज्य स्तर पर सम्मानित किया गया डॉ गौरीशंकर शर्मा एवं गोविन्द भारद्वाज को संयुक्त रूप से अमृता देवी विश्नोई स्मृति पुरुस्कार दिया गया इसमे दोनो को पच्चीस - पच्चीस हजार रुपये के चेक एवं प्रमाण पत्र दिए गये । डॉ शर्मा पिछले 20 वर्षो से वन्य जीवो की सेवा कर रहे है इसके डॉ गौरीशंकर ज्योतिष शास्त्र के प्रसिद्ध विद्वान है डॉ शर्मा ने अब तक हजारो वन्य जीवो की जान बचाई है। इसके अलावा लोगो को वन्यजीवो को बचाने का संकल्प दिलाते है। डॉ शर्मा ने नील गाय के 180 ऐसे बच्चो का निप्पल एवं बोतल से दूध पिलाकर पालन पोषण किया है । गोविन्द भारद्वाज पशुपालन विभाग मे 8 अक्टूबर 2013 को एलएसए पद पर नियुक्त हुए थे तब से लगातार दिन रात वन्य जीवो की रक्षा मे जुटे रहते है । डॉ गौरीशंकर सर्वाधिक वन्य जीवो की जान बचाई एवं गोविन्द भारद्वाज सम्पूर्ण राजस्थान मे सर्वाधिक वन्यजीवों का उपचार किया । इनकी सेवा के लिए ही ये पुरुस्कार मिला है। डॉ गौरीशंकर शर्मा ने कहा कि वन्य जीव हमारी प्रकृति की धरोहर है ये बचेंगे तब ही हमारी प्रकृति बचेगी ।

चिकित्सा विभाग के कार्मिको ने बांटे निक्षय पोषण किट

टोंक। जिले के समस्त चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों ने पहल करते हुए क्षेत्र के समस्त टीबी मरीजों को अपनी ओर से निक्षय पोषण किट बांटकर निक्षय पोषण किट वितरण अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल ने कहां की सही पोषण से मरीजो की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा टीबी की बीमारी में तेजी से रिकवरी होती है। विभाग की इस पहल को उन्होने सराहा और कहा कि इससे दूसरों को प्रेरणा मिलेगी, राज्य सरकार के आह्वान पर निक्षय मित्र बन चिकित्सा विभाग ने मिसाल पेश की है। उल्लखेनीय है कि शुक्रवार को जयपुर में आयोजित बैठक के दौरान राज्य सरकार द्वारा इसके लिए समस्त चिकित्सा विभाग से आह्वान किया गया था, जिसके तहत जिले के चिकित्सा विभाग कार्मिको ने पहल कर जिले के अन्य ब्लॉक और ग्राम पंचायत के चिकित्सा अधिकारी कर्मचारी भी निक्षय मित्र बन पोषण किट वितरित करेंगे। इस अवसर पर उपमुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिमन्यु डासवानी ने बताया कि प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत 27 से 31 जुलाई तक निक्षय पोषण किट वितरण अभियान चलाया जा रहा है, इसके तहत जिले के चिकित्साकर्मियों द्वारा लगभग 2000 किट उपलब्ध करवाई जाएगी। यह किट ग्रामीण क्षेत्र में इलाज प्राप्त कर रहे टीबी मरीजों अथवा उनके परिजनों को दवाई के साथ वितरित की जाएगी। जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बताया कि टीबी रोगियों को जन सहयोग द्वारा पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए यह अभियान आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि निक्षय मित्र पोर्टल पर अधिक से अधिक नए निक्षय मित्रों का पंजीकरण कर पोषण अभियान को बढ़ावा दिया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जितेन्द्र शर्मा ने भी इस पहल के लिए चिकित्सा कर्मियों का आभार जताया। इस अवसर पर डीपीसी मसर्रत मियां, जिला लेखा अधिकारी दिनेश चौधरी, सरल सैनी, नवेद खान, भूपेन्द्र, सत्यनारायण जैनिवाल इत्यादि कार्मिक मौजूद रहे।

- जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. हिमांशु मित्तल बताया की सही पोषण से मरीजो की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढती है तथा टीबी की बीमारी में तेजी से रिकवरी होती है। विभाग की इस पहल को उन्होने सराहा और कहा कि इससे दूसरों को प्रेरणा मिलेगी, चिकित्सा विभाग ने मिसाल पेश की है।

किबाड़ नदी में डूबने से 2 युवकों की मौत

रूपवास । रूपवास क्षेत्र के गांव घाटौली में रहने वाले दो युवक उत्तर प्रदेश के आगरा जिले में बहने वाली किबाड नदी में डूब गए। दोनों युवकों को स्थानीय गोताखोरों ने 2 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद निकाला। फिलहाल दोनों युवकों के शवों को आगरा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया गया है। मरने वाले युवकों के साथ दो युवक और भी थे उसमें से एक युवक तैरना जानता था। वह दूसरे युवक को बचा लाया। प्रत्यशदर्शी नीरज गुर्जर निवासी घाटोली थाना रूपवास ने बताया कि वह रूपवास के उत्तर प्रदेश के बॉर्डर निमेरा गांव जिला आगरा से जाने वाली किबाड़ नदी में नहाने के लिए गया था।

वहां पर घाटोली गांव के चार युवक बंटी (32), सुमित (15), हर्ष (17) और क्रिश (22) भी नहाने के लिए गए थे। चारों युवक एक ही परिवार के थे। शाम करीब 4 बजे अचानक सुमित, हर्ष और क्रिश डूबने लगे। तीनों युवकों ने शोर मचाया। बंटी ने क्रिश को पकड़ लिया और वह क्रिश को नदी से बाहर निकाल लाया। इसी दौरान आसपास नहा रहे लोग सुमित और हर्ष को बचाने के लिए गए। जब तब वह नदी में डूब चुके थे। पास में आगरा जिले का निमेरा गांव था। तुरंत कुछ युवक गांव में पहुंचे।

जिसके बाद ठामीणों को घटना के बारे में बताया। तब निमेरा गांव के लोग किबाड़ नदी में आये और सुमित और हर्ष को ढूंढना शुरू किया। इस दौरान पुलिस को भी घटना की सूचना दे दी गई। आगरा जिले की पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। करीब 2 घंटे के सर्च ऑपरेशन के बाद सुमित और हर्ष के शव को नदी से बाहर निकाल लिया गया। जिसके बाद पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर पहुंची। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने दोनों युवकों के शवों को आगरा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

- नदी में नहाने गए थे 4 युवक

हरियाली तीज पर भिवाड़ी में वन महोत्सव के तहत 50 हजार पेड़ लगाए

खैरथल। खैरथल तिजारा जिले के भिवाड़ी के नगर वन ए में हरियाली तीज पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के वृक्षारोपण महा अभियान कार्यक्रम के तहत मुख्य अतिथि प्रभारी सचिव एवं प्रबंध निदेशक रीको शिवांगी स्वर्णकार की अध्यक्षता में पौधारोपण किए गए। इस दौरान जिला कलेक्टर किशोर कुमार, मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीडा अतुल प्रकाश , पुलिस अधीक्षक प्रशांत किरण, अतिरिक्त जिला कलेक्टर सुमित्रा मिश्र सहित अन्य विभाग के अधिकारी एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान प्रभारी सचिव शिवांगी स्वर्णकार ने इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आमजन से आ ान किया कि वे अपने घरों, मोहल्लों और संस्थानों के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनकी सुरक्षा व सिंचाई की जिम्मेदारी भी स्वयं निभाएं।उन्होंने बताया कि इस वर्ष राज्य सरकार द्वारा वृक्षारोपण के साथ-साथ पौधों की सुरक्षा व नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित करने के लिए समुचित योजना बनाई गई है, जिससे लगाए गए पौधे जीवित और सुरक्षित रह सकें। इस अवसर पर उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र की विभिन्न इकाइयों के प्रतिनिधियों से भी अपील की कि वे अपने परिसरों एवं आसपास की खाली भूमि पर वृक्षारोपण करें और कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व सीएसआर के तहत पर्यावरणीय गतिविधियों में सक्रिय सहयोग करें। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने कहा जिले ने विभिन्न राज्य स्तरीय अभियानों जैसे वंदे गंगा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय संबल पखवाड़ा में उल्लेखनीय प्रदर्शन कर राजस्थान में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है, जो कि समस्त जिलेवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि हरियालो राजस्थान अभियान में भी जिले का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहेगा। उन्होंने ने बताया कि इस वर्ष राज्य स्तर पर 10 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 15 लाख पौधों का दायित्व जिले को सौंपा गया है। जिसे हम सबको लक्ष्य को केवल एक आंकड़ा न मानकर इसे जनआंदोलन के रूप में अपनाना होगा, ताकि हम निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक पौधारोपण कर राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त कर सकें। लक्ष्य तक पहुंचने के लिए उन्होंने हरियाली तीज अवसर पर जिले को दिए गए 2 लाख पौधों के लक्ष्य को बढ़ाकर 3.50 लाख पौधे रोपित किए गए। जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि वनावरण और वर्षा का घनिष्ठ संबंध है। अधिक पेड़ लगाकर हम न केवल हरियाली बढ़ा सकते हैं, बल्कि जल स्त्रोतों को भी पुनर्जीवित कर सकते हैं। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण और नियमित सिंचाई की जिम्मेदारी भी निभाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ व समृद्ध पर्यावरण की सौगात दी जा सके।

- जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रभारी सचिव व रीको प्रबंध निदेशक शिवांगी स्वर्णकार, जिला कलेक्टर, एसपी सहित अधिकारी एवं औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे

रामकरण यादव का अभिनंदन

कोटपूतली। हाल ही में डॉक्टरेट मानद उपाधि से विभूषित प्रवक्ता रामकरण यादव निवासी पवाना अहीर का समाज अध्यक्षों द्वारा अभिनंदन किया गया। यादव समाज जिला जयपुर देहात अध्यक्ष डॉ. जगदीश खातोदिया, जयपुर शहर अध्यक्ष रामचंद्र मेहता, शाहपुरा तहसील अध्यक्ष रामपाल बिछवालिया, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष एवं पूर्व समाज अध्यक्ष सरदार सिंह चोरिया, भगवान सहाय राबड़ सरपंच रायथल, मांगीलाल खातोदिया टीआरए, भीमसिंह ठोठवाल कोषाध्यक्ष द्वारा प्रवक्ता यादव का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया गया। धर्मसिंह यादव रॉयल एनफील्ड मोटर्स एवं समाज अध्यक्ष डॉ. जगदीश खातोदिया ने कहा कि सामाजिक विकास से सरोकार रखते हुये अपनी भूमिका निर्वहन करना श्रेष्ठ व्यक्तित्व की पहचान होती है। इससे पूर्व गिरधारी लाल यादव गुरूजी पूर्व समाज अध्यक्ष कोटपूतली के नेतृत्व में रॉयल एनफील्ड मोटर्स धर्मसिंह यादव सरपंच (घासीपुरा) जिला उपाध्यक्ष यादव समाज जयपुर देहात के पूतली कट कार्यालय पर नवनिर्वाचित समाज अध्यक्षों डॉ. जगदीश खातोदिया, रामपाल बिछवालिया, रामचंद्र मेहता, सरदार सिंह चोरिया, लालचंद चोरिया, भगवान सहाय राबड़ सरपंच, भीम सिंह ठोठवाल, मांगीलाल खातोदिया टीआरए आदि सहित उपस्थित सभी समाज प्रतिनिधियों का माल्यार्पण पहनाकर कर सम्मान किया।

पूर्व विधायक रामहेत की बहन के निधन पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव शोक ने शोक जताया

किशनगढ़ बास। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव रविवार को खानपुर डागरान में पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव की बहन संतरा देवी धर्मपत्नी स्व. सुबेसिंह यादव पूर्व सरपंच के निधन शोक व्यक्त करने पहुंचे। केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने पहुंचकर पूज्य आत्मा संतरा देवी की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और पूर्व विधायक रामहेत यादव सहित परिवार जनों को सांत्वना दी। भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज मित्तल ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, महासिंह चौधरी, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, बना राम मीणा, नगर पालिका किशनगढ़ बास अध्यक्ष प्रतिनिधि सतीश सिंघल, खैरथल नगर निगम सभापति हरीश रोघा सहित बडी संख्या में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व्यापारी एवं अधिकारी गण पहुंचे थे।

- कोटकासिम के गांव खानपुर डागरान में रहती थी पूर्व विधायक रामहेत यादव की बहन संतरा देवी।
- श्रद्धांजलि सभा में जिले भर से पहुंचे जनप्रतिनिधि, व्यापारी कार्यकर्ता एवं अधिकारी।

श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक रामहेत यादव से बातचीत कर शोक व्यक्त करते केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव।

'कांग्रेस सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाली पार्टी'

कोटपूतली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला स्तर पर प्रस्तावित "संविधान बचाओ देश बचाओ" रैली को लेकर कस्बे के डाबला रोड़ स्थित कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहड़ा की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधानसभा प्रभारी सरलेश सिंह राणा ने कहा कि कांग्रेस सभी वर्गो को साथ लेकर चलने वाली पार्टी हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत करने की बात कही। साथ ही संविधान बचाओ देश बचाओ रैली को सफल बनाने का आह्वान किया। विशिष्ठ अतिथि जयपुर देहात कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर आगामी निकाय व पंचायत चुनाव में जुट जाने की बात कही। बैठक की अध्यक्षता कोटपूतली ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन प्रकाश चंद सैनी ने की। संगठन महासचिव वी के नवल ने बताया कि बैठक में पूर्व विधायक रामचंद्र रावत, पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना, कांग्रेस नेता रामनिवास यादव, पीसीसी महासचिव देव कसाना, नारेहड़ा ब्लॉक अध्यक्ष सतीश निमोरिया, सेवादल जिलाध्यक्ष रघुवीर सिंह यादव, मालीराम कसाना, किशोरी लाल शर्मा, पूर्व पार्षद तारा पूतली, जिला पार्षद मंजू रावत, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा, पूर्व पार्षद हनुमान सैनी, सरपंच जगमाल सिंह यादव, सतीश मांडैया, गोकुल यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष गोकुल चंद आर्य, पंसस कमल मीणा, अमरसिंह सैनी, जगदीश मेघवाल, धनराज वाल्मीकी, मंगलूराम वाल्मीकी, पार्षद उमेश आर्य, पुष्पेन्द्र वाल्मीकी, पूर्णसिंह तंवर, गिरिराज चौहान, सचिन रावत, प्रभू रावत, मोहित यादव, ब्रह्मानन्द गौड़, वीरसिंह जाट, रतिराम यादव, राकेश खोला, इंद्राज सैनी, जयराम सैनी, एड. पवन सैनी, भागीरथ मीणा, शाहरुख टांक, के एम बंसल, मोइनुद्दीन कुरैशी, कुशल बिदारिया समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

- कांग्रेस कार्यालय पर रविवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कोटपूतली व नारेहडा की संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया

देवली में तीज उत्सव पर लहरिया महोत्सव की धूम

देवली में माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में लहरिया महोत्सव का आयोजन किया ।

देवली । यहां रविवार को माहेश्वरी महिला मंडल के तत्वाधान में लहरिया महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष वंदना तोषनीवाल और सचिव रेखा नवल मूंदड़ा ने कार्यक्रम की शुरुआत भगवान महेश की पूजा और वंदना के साथ की। लहरिया महोत्सव कार्यक्रम में विभिन्न खेलों और रोचक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इस प्रतियोगिता में विजेता प्रीति बिरला दीपा मालु, ज्योति मूंदड़ा ,आशा भदादा और शुभा मालू रही । कार्यक्रम में मंडल की सदस्यों और और पदाधिकारी ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। हरियाली तीज के अवसर पर लहरिया कार्यक्रम में पारंपरिक परिधानों में सजी-धजी महिलाओं मैं अलग ही उत्साह दिखाई दिया। कार्यक्रम मे "लेहरिया क्वीन प्रतियोगिता" कराई गई, जिसमें बहनों ने रंग-बिरंगे लहरिया परिधानों में रैम्प वॉक कर अपनी प्रस्तुति दी। इस मौके पर निर्णायक मंडल ने रेखा मालपानी को लहरिया क्वीन का खिताब दिया । वहीं वर्षा मालू को सावन की रानी चुना गया। संचालन कमलेश मूंदड़ा द्वारा किया गया । इस कार्यक्रम में मंजू तोतला ,आशा बिडला,मधु मालू अनीता ,सुमन रेखा शशि ,कल्पना ,सपना ,सोनू,नयन, प्रतीक्षा माहेश्वरी सहित मंडल की सभी महिलाएं शामिल रही।

नादोती ने रामभरोसी जयपुर को हराकर खीताब जीता

दौसा । राजकीय सीनियर सैकेंडरी विद्यालय कालोता में आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता फाइनल मैच रविवार को नादोती व रामभरोसी जयपुर के मध्य खेला गया। जिसमें नादोती ने रामभरोसी जयपुर को हराकर खीताब अपने नाम किया। उप विजेता रामभरोसी जयपुर की टीम रही। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य बत्ती लाल मीणा व विशिष्ट अतिथि भाजपा कुण्डल मण्डल अध्यक्ष रामप्रसाद गुर्जर रहे। शिव चरण गुर्जर ने बताया कि आज दिन में तीन मैच खेले गए जिसमें दो सेमीफाइनल व एक फाईनल मैच खेला गया। पहला सेमीफाइनल मैच एसबीएन जयपुर व नादोती के बीच खेला गया। जिसमें नादोती की टीम विजेता रही। दूसरा सेमीफाइनल नांगल गोविंद व रामभरोसी जयपुर की टीम के बीच खेला गया जिसमें रामऽारोसी की टीम विजेता रही। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 16 टीम हिस्सा लिया था। फाईनल मुकाबले में नादोती की टीम ने जीतकर खिताब अपने नाम कर लिया। विजेता खिलाडियों को राशि व शिल्ड देकर सम्मानित किया गया। यह प्रथम राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन चेची परिवार कालोता की और राहुल गुर्जर की पुण्यतिथि पर किया गया।

हरियाली तीज के अवसर पर आमजन ने उत्साह से पौधारोपण किया

टोंक। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के आह्वान पर आमजन की भागीदारी से हरियालो राजस्थान अभियान हरियाली और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है। इसी के तहत हरियाली तीज के अवसर पर रविवार को जिले सभी उपखंडों, तहसीलों,पंचायत समितियों और ग्राम पंचायत स्तर पर जनप्रतिनिधियों, राजकीय विभागों, समाजसेवी, गैर सरकारी संगठन, पर्यावरण प्रेमी और आमजन के सहयोग से पौधे लगाए गए। यह 76वां जिला स्तरीय वन महोत्सव कार्यक्रम जिला प्रशासन एवं वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में टोंक शहर के लव कुश वाटिका में आयोजित हुआ। इसकी शुरुआत महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकालने के साथ हुई।

जिसमें विधायक राजेंद्र गुर्जर, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल, उपवन संरक्षक मरिय शाइन ए, सीईओ परशुराम धानका समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी, कार्मिक और लहरिया की पारंपरिक पोशाक पहने महिलाएं शामिल हुई। कार्यक्रम के दौरान विधायक राजेंद्र गुर्जर ने कहा कि प्रकृति के अनुकूल रहकर ही मानव जीवन का विकास संभव है, अगर हमने इसके प्रतिकूल जाने की कोशिश की तो इसके परिणाम बेहद भयावह होंगे।

इसलिए जल, जंगल और जमीन को बचाने में जन सहभागिता आवश्यक है। इस मौके पर जिला प्रमुख ने कहा कि प्रकृति का पेड़ों की हरियाली से श्रृंगार होता है। प्रकृति हमें दौड़ भाग की जिंदगी में सुकून देती है, उन्होंने सभी से पर्यावरण संरक्षण का आह्वान किया। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने पेड़ों को लगाने के बाद उनकी सुरक्षा और देखभाल पर जोर दिया, उन्होंने कहा कि पेड़ को बड़ा होने तक उसका बच्चे की तरह पालन पोषण करें। उपवन संरक्षक मरिए शाइन ए ने अभियान की जानकारी देते हुए बताया की हरियाली तीज के अवसर पर जिले में आज 4 लाख पौधे लगाए जाएंगे। साथ ही जिले भर में इस वर्ष कुल 17 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के पश्चात जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कार्मिकों और शहर के लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

- हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिले भर में लगाए जाएंगे 17 लाख पौधे